| | | |
|---|---|---|
| | आयुध निर्माणी, तिरुचिरापल्ली,<br>तमिलनाडु, पिन–620 016<br>**ORDNANCE FACTORY, TIRUCHIRAPPALLI<br>TAMILNADU, PIN-620 016.** | |
| NABLT0726TN18685 | (एडवांस्ड वेपंस एंड इक्यूपमेंट इंडिया लिमिटेड की एक इकाई)<br>**(A UNIT OF ADVANCED WEAPONS AND EQUIPMENT INDIA LIMITED (AWEIL))**<br>भारत सरकार का उद्यम / A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE<br>रक्षा मंत्रालय / MINISTRY OF DEFENCE<br>सी.आई.एन. / **CIN: U29270UP2021GOI150734.** | An IS/ISO 9001:2015, 14001:2015,45001:2018, 50001:2018& WASH certified and NABL accredited unit of AWEIL. |

No. 7150/R&D Expert/ESTT/2026 Date: 10.10.2026

## विशिष्ट विशेषज्ञता एवं अनुभव वाले कार्यों के लिए आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली में निश्चित अवधि के आधार पर विशेषज्ञों/विशेषज्ञ कर्मियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

## ADVERTISEMENT FOR ENGAGEMENT OF EXPERTS/ SPECIALISTS ON TENURE BASIS AT ORDNANCE FACTORY TIRUCHIRAPPALLI FOR SPECIFIC JOBS REQUIRING SPECIALIZED DOMAIN KNOWLEDGE AND EXPERIENCE.

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/पात्रता रखने वाले भारतीय नागरिकों से **संविदा (निश्चित अवधि) के आधार** पर तमिलनाडु स्थित आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली में निम्नलिखित पदों पर कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष की होगी, जिसे निर्माणी की आवश्यकता तथा व्यक्तिगत कार्य-निष्पादन के आधार पर प्रत्येक वर्ष नवीनीकृत करते हुए अधिकतम चार वर्ष (प्रारंभिक अवधि सहित) तक बढ़ाया जा सकता है । नियुक्ति अवधि, नियुक्ति की तिथि से चार वर्ष पूर्ण होने पर बिना किसी अतिरिक्त सूचना के स्वतः समाप्त हो जाएगी । कार्यकाल के दौरान किसी भी समय, किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर अथवा उसके स्थान पर एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

Applications are invited from the citizens of India fulfilling the requisite qualification/criteria against the various posts on **CONTRACT BASIS (Fixed Tenure)**, to work in Ordnance Factory Tiruchirappalli (OFT), Tamilnadu, for a period of ONE year which may be extended for another period of Three Years, i.e. total maximum period of Four years with renewal on yearly basis from the date of engagement (including initial period) based on the factory requirement and individual performance. The tenure will come to an end automatically on completion of Four years' period from the date of joining without any further notice. The employment can be terminated, at any point of time, during the period of tenure engagement, by giving one month's notice by either party or payment of the one month's salary in lieu thereof.

02. आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली निम्नलिखित पदों हेतु पात्रता रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है।

OFT invites applications from Indian Nationals fulfilling the following eligibility criteria for the following posts.

| क्र.सं.<br>S. No | पद का नाम<br>Name of the posts | श्रेणी<br>Category | पदों की संख्या<br>Total Number of post | अनुभव Experience | पारिश्रमिक<br>Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑटोमेशन एवं एआई विशेषज्ञ / Automation and AI Expert | विशेषज्ञ- II Specialist II | 02 (अनारक्षित-02) [UR-02] | संबंधित क्षेत्र में 5–10 वर्ष /05-10 years in relevant field | Rs. 1,25,000/- to Rs. 1,75,000/- |

| क्रं.सं.<br>S. No | पद का नाम<br>Name of the posts | श्रेणी<br>Category | पदों की संख्या<br>Total Number of post | अनुभव Experience | पारिश्रमिक<br>Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | औद्योगिक अभियांत्रिकी<br>Industrial Engineering | विशेषज्ञ- II<br>Specialist II | 02<br>(अनारक्षित-02)<br>[UR-02] | संबंधित क्षेत्र में 5–10 वर्ष<br>05-10 years in relevant field | Rs. 1,25,000/- to Rs. 1,75,000/- |
| 3 | निरीक्षण स्वचालन<br>Inspection Automation | विशेषज्ञ- II<br>Specialist II | 01<br>(अनारक्षित-01)<br>[UR-01] | | |
| 4 | उत्पाद विकास प्रबंधक (तकनीकी)<br>Product Development Manager (Technical) | विशेषज्ञ- II<br>Specialist II | 04<br>[UR-03 & OBC- 01] | | |

## 03.पात्रता मानदंड (आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार)
## Eligibility criteria ( as on last date of receipt of application)

### (क) ऑटोमेशन एवं एआई विशेषज्ञ
### (A) Automation and AI Expert

| क्रम सं.<br>S.No | विवरण<br>Particular | पद का विवरण<br>Details of post |
|---|---|---|
| 1 | अनिवार्य योग्यता<br>Essential | मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/मेकाट्रॉनिक्स/रोबोटिक्स/औद्योगिक स्वचालन/सिस्टम कंट्रोल इंजीनियरिंग में डिग्री तथा औद्योगिक स्वचालन एवं रोबोटिक्स के क्षेत्र में कम-से-कम 05 वर्ष का अनुभव ।<br>Mechanical/Electrical/Mechatronics/Robotic/ Industrial Automation or System Control, Engineering with atleast 05 year experience in Industrial Automation, Robotics |
| 2 | कार्य दायित्व<br>Job Specification | विशेषज्ञ उत्पादन गतिविधियों में ऑटोमेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा मशीन लर्निंग की पहचान एवं क्रियान्वयन करने में सक्षम होना चाहिए।<br>Expert should be able to identify and implement automation, AI and machine learning in production activities |
| | | स्वचालन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान करना।<br>To identify the area of automation |
| | | स्वचालन हेतु योजना तैयार करना।<br>Prepare the scheme for automation |
| | | स्वचालन हेतु विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करना, जिसमें प्राप्त होने वाली बचत तथा आईआरआर की गणना हो ।<br>Prepare detail report on automation, saving involved, IRR calculation |
| | | स्वचालन को प्राप्त करने के लिए विस्तृत कार्य-योजना तैयार करना ।<br>Prepare detailed scheme on how to achieve the automation |
| | | स्वचालन, कृत्रिम बुद्धिमतता एवं मशीन लर्निंग का कार्यान्वयन करना ।<br>Implement automation, AI and Machine learning |

| | | |
|---|---|---|
| | | निर्माणी के भीतर सामग्री के स्वायत्त आवागमन/परिवहन की व्यवस्था लागू करना ।<br>Implement autonomous material movement inside the factory |
| | | यदि स्वचालन से संबंधित किसी गतिविधि, सामग्री या परियोजना का आउटसोर्सिंग किया जाना हो तो, आउटसोर्सिंग हेतु विस्तृत कार्य परिधि तैयार करना ।<br>If any activity or material or project related to automation is to be outsourced then preparing complete scope of work for outsourcing |
| | | स्वचालन के दौरान कृत्रिम बुद्धिमतता एवं मशीन लर्निंग का उपयोग करना<br>Use of AI and machine learning during automation |
| | | जहाँ भी आउटसोर्सिंग की आवश्यकता हो, वहाँ उपयुक्त कंपनियों /फर्मों की पहचान करना/ Identify the companies/firms wherever outsourcing requires |
| | | शॉप फ्लोर पर उद्योग 4.0 का कार्यान्वयन करना / Implementation of Industry 4.0 in shop floor |
| | | उपरोक्त के अतिरिक्त प्रबंधन द्वारा समय –समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करना / Any other work not listed above but assigned by the management |
| 3 | अनुभव<br>Experience | समान/समरूप परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव।<br>Experience in identical/similar projects |

## (ख) औद्योगिक अभियांत्रिकी

## (B) INDUSTRIAL ENGINEERING

| क्रं.सं.<br>S.No | विवरण / Particular | पद का विवरण / Details of post |
|---|---|---|
| 1 | अनिवार्य योग्यता<br>Essential | मैकेनिकल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग अथवा इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में डिग्री तथा इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, फिक्स्चर, डिज़ाइन एवं विनिर्माण प्रक्रिया डिज़ाइन के क्षेत्र में कम-से-कम 05 वर्ष का अनुभव । CAD सॉफ्टवेयर का ज्ञान वांछनीय होगा।<br>Mechanical/Production Engineering or Industrial Engineering with at least 05 year experience in Industrial Engineering, fixture, design, manufacturing process design. Knowledge of CAD software will be preferred. |
| 2 | कार्य विवरण<br>Job Specification | नए फिक्स्चर, टूलिंग, प्रक्रिया परिवर्तन तथा पार्ट प्रोग्रामिंग के अनुकूलन द्वारा मानक श्रम घंटे में कमी लाने के उपायों की पहचान एवं उनका कार्यान्वयन करना ।<br>Expert should be able to identify and implement SMH reduction through implementing new fixtures, tooling, process change, optimization of part programming etc. |
| | | क्लोज़-डाई फोर्जिंग, कास्टिंग तथा प्री-मशीन्ड ब्लैंक्स आदि का डिज़ाइन तैयार कर सामग्री की बचत सुनिश्चित करना।<br>Expert should be able to identify and implement material saving by designing close die forging, casting, pre-machined blanks etc |
| | | नई प्रक्रिया प्रवाह तैयार करना तथा इनपुट सामग्री के आकार एवं माप का |

| | | |
|---|---|---|
| | | डिज़ाइन करना।<br>Design the new process flow, design input material shape and size |
| | | कटिंग समय, सामग्री हटाने की दर आदि को ध्यान में रखते हुए टूलिंग विनिर्देश तैयार करना तथा टूलिंग की खरीद के बाद उनका कार्यान्वयन करना।<br>Select and prepare tooling specifications with cut time, material removal rate and implement the same after purchase of tooling. |
| | | संपूर्ण निर्माणी में टूलिंग का मानकीकरण करना तथा टूल खरीद लागत में कमी लाना।<br>Standardize the tooling for whole factory and reduce tool procurement cost |
| | | यदि किसी गतिविधि, सामग्री अथवा परियोजना को आउटसोर्स किया जाना हो, तो उसके लिए कार्य-परिधि, विक्रेता अर्हता तथा गुणवत्ता आश्वासन योजना आदि तैयार करना ।<br>If any activity or material or project is to be outsourced then preparing complete scope of work, vendor qualification, QAP etc for outsourcing. |
| | | जहाँ आउटसोर्सिंग आवश्यक हो, वहाँ सर्वोत्तम विक्रेताओं/कंपनियों/फर्मों की पहचान करना।<br>Identify the best vendors, companies/firms wherever outsourcing requires |
| | | लागत में कमी का अभिलेख रखना तथा निगरानी हेतु प्रतिवेदन तैयार करना।<br>Keep records of cost reduction and prepare reports for monitoring |
| | | प्रक्रिया ले-आउट, निरीक्षण अनुसूची तैयार करना तथा ओएफटी के डिज़ाइन एवं गुणवत्ता नियंत्रण (QC) अनुभागों से अनुमोदन प्राप्त करना।<br>Preparation of process layouts, Inspection Schedule and get approved by design and QC sections of OFT. |
| | | प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करना।<br>Any other work not listed above but assigned by the management |
| 3 | अनुभव<br>Experience | समान/समरूप परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव।<br>Experience in identical/similar projects |

## (ग) निरीक्षण स्वचालन
## (C ) INSPECTION AUTOMATION

| क्रं.सं.<br>S.No | विवरण /Particular | पद का विवरण / Details of post |
|---|---|---|
| 1 | अनिवार्य योग्यता<br>Essential | मैकेनिकल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में डिग्री तथा गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control) के क्षेत्र में कम-से-कम 05 वर्ष का अनुभव। लौह (Ferrous) एवं अलौह (Non-ferrous) सामग्रियों तथा धातुकर्म (Metallurgical) संबंधी पहलुओं का ज्ञान वांछनीय होगा।<br>Mechanical/Production Engineering or Production Engineering with at least 05 year experience in quality control. |

| | | |
|---|---|---|
| | | Knowledge of materials/metallurgical aspects of ferrous and non-ferrous materials will be preferred. |
| 2 | कार्य विवरण<br>Job Specification | QA 4.0 (गुणवत्ता आश्वासन 4.0) का कार्यान्वयन।<br>Implementation of QA 4.0 |
| | | गुणवत्ता संबंधी दस्तावेजों एवं चेक-शीटों के ऑनलाइन अपलोड तथा स्वचालित भरने की प्रणाली लागू करना ।<br>Implementation of auto upload filling of quality documents, check sheets on online system. |
| | | तैयार घटकों (Finished Components) के लिए गुणवत्ता आश्वासन योजना (QAP) तथा स्वीकृति परीक्षण प्रक्रिया तैयार करना।<br>Prepare quality assurance plan (QAP), Acceptance Test Procedure for finished components |
| | | उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, डीडीओ तथा आईटी टीम के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर उत्पादन इकाइयों में गुणवत्ता दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं सुव्यवस्थित बनाना/ Procedure for quality documentation of production shops to be streamlined by actively coordination with Production, QC, DDO and IT team |
| | | आयामी जाँच (Dimensional Check) हेतु चेक-शीट प्रारूप तैयार करना तथा इन चेक-शीटों को स्वचालित रूप से भरने की प्रक्रिया विकसित करना।<br>Dimensional check sheets formats to be prepared and procedure for automatic filling of these check sheets to be devised |
| | | निरीक्षण प्रणाली में स्वचालन की पहचान एवं उसका कार्यान्वयन करना।<br>Identifying and implementation of automation in inspection |
| | | ओएफटी की क्षमताओं को बढ़ाने हेतु आवश्यक निरीक्षण सुविधाओं की पहचान करना।<br>Identifying the inspection facilities which are required to enhance OFT capabilities |
| | | आवश्यक निरीक्षण सुविधाओं के लिए कार्य-परिधि, तकनीकी विनिर्देश तैयार करना तथा सक्षम आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करना।<br>Preparing the scope of work, preparation of specification and identifying capable suppliers for the necessary inspection facilities. |
| | | कच्चे माल से अंतिम चरण तक के सभी गुणवत्ता दस्तावेजों को एकल पोर्टल पर शीघ्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना।<br>Quality documents from raw material to final stage to be made available at a single portal for quick access |
| | | सभी गुणवत्ता दस्तावेजों को ट्री-चार्ट एवं प्रक्रिया प्रवाह के अनुसार परस्पर जोड़ना।<br>All quality documents to be lined as per tree chart and process flow |
| | | बार-कोडिंग प्रणाली तथा घटक ट्रैकिंग प्रणाली लागू करना।<br>Implementation of bar coding system and component tracking system |
| | | प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करना।<br>Any other work not listed but assigned by the management |
| 3 | अनुभव<br>Experience | समान/समरूप परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव।<br>Experience in identical/Similar Projects |

## (घ) उत्पाद विकास प्रबंधक (तकनीकी)
## (D) PRODUCT DEVELOPMENT MANAGER (TECHNICAL)

| क्रं.सं. S.No | विवरण /Particular | पद का विवरण / Details of post |
|---|---|---|
| 1 | अनिवार्य योग्यता<br>Essential | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग /प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग/मेकाट्रॉनिक्स अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक. । डिज़ाइन, उत्पाद विकास (Product Development), मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग अथवा अनुसंधान एवं विकास (R&D) के क्षेत्र में 5-10 वर्ष का अनुभव।<br>B.E/ B. Tech in Mechanical Engineering/ Production Engineering/ Manufacturing Engineering/ Mechatronics or equivalent from a recognized University/ Institute.<br>5-10 years of experience in Design, Product Development, Manufacturing Engineering or R&D activities.<br><br>AutoCAD, SolidWorks, PTC Creo अथवा CATIA जैसे CAD सॉफ़्टवेयर का ज्ञान वांछनीय होगा।<br>Knowledge of CAD software such as AutoCAD, Solid works, PTC Creo or CATIA will be preferred.<br><br>यांत्रिक प्रणालियों एवं उप-संयोजनों को समझने की विश्लेषणात्मक क्षमता।<br>Analytical ability to understand mechanical systems and sub-assemblies<br><br>टिप्पणी:<br>रक्षा परियोजनाओं, रक्षा विनिर्माण अथवा प्रिसीजन इंजीनियरिंग में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>Note: Persons with experience in Defence Projects, Defence Manufacturing or precision Engineering will be given preference. |
| 2 | कार्य विवरण<br>Job Specification | पूर्णता तक परियोजना के विभिन्न चरणों में सौंपी गई अनुसंधान एवं विकास परियोजना/परियोजनाओं का समन्वय करना ।<br>Coordination of assigned R&D Project/Projects through various stages of projects till completion |
| | | अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की डिजाइन समीक्षा करना।<br>Design review of R&D projects |
| | | तकनीकी परियोजना प्रस्ताव तैयार करना।<br>Preparation of technical project proposals |
| | | परियोजनाओं के बजट का अनुमान तैयार करना।<br>Preparation of budget estimates of the projects |
| | | परियोजनाओं के लिए उपयुक्त समय-सीमा तैयार करना।<br>Preparation of optimum project time lines |
| | | समय-समय पर समीक्षा एवं निगरानी द्वारा परियोजनाओं की समय-सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>Maintaining project time lines by periodical review and monitoring |
| | | विकास परियोजनाओं के लिए PERT एवं Gantt Chart तैयार करना।<br>Preparation of Pert and Gantt Charts for development projects |

| | | |
|---|---|---|
| | | इंजीनियरिंग ड्रॉइंग का परीक्षण/समीक्षा करना।<br>Scrutinizing/Reviewing of Engg. Drawings |
| | | अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से संबंधित विकास कार्यों हेतु विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय करना।<br>Coordinating with various agencies related to development activities of R&D projects |
| | | परियोजना की प्रगति की निगरानी से संबंधित रिपोर्ट तैयार करना एवं उनका संधारण करना।<br>Preparation/ Maintaining of project status monitoring related reports |
| | | परियोजनाओं से संबंधित अवयवों के लिए उपयुक्त विनिर्माण प्रौद्योगिकी की पहचान करना।<br>Identifying ideal appropriate manufacturing technology for components related to projects |
| | | अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए Make or Buy Plan तैयार करना तथा आंतरिक संसाधनों, व्यापारिक क्षमताओं एवं परियोजना समय-सीमा के बीच संतुलन स्थापित करना।<br>Preparation of make or buy plan for R&D projects balancing in-house , trade capabilities and project time lines |
| | | तकनीकी विशिष्टताएँ, प्रक्रिया विन्यास, गुणवत्ता आश्वासन योजना (QAP) तथा संबंधित परियोजना समय-सीमाओं सहित तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना।<br>Preparation of Technical Reports like Technical Specifications, Process layouts, QAP and related project time lines. |
| | | अनुसंधान एवं विकास (R&D) परियोजनाओं से संबंधित आउटसोर्स किए जाने वाले कार्यों के लिए विस्तृत कार्य-परिधि (Scope of Work) तैयार करना।<br>Preparation of detailed scope of work for any work to be out sourced related to R&D projects |
| | | जहाँ भी आउटसोर्सिंग की आवश्यकता हो, वहाँ विश्वसनीय विक्रेताओं/फर्मों की पहचान करना।<br>Identifying reliable trade sources/ firms wherever outsource is required |
| | | अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं का विश्लेषण कर व्यवहारिक समाधान प्रस्तावित करना।<br>Analyzing the problems associated with R&D projects and proposing portable solutions |
| | | समय-समय पर प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अन्य तकनीकी कार्यों का निष्पादन करना।<br>Any other technical work assigned by the management from time to time. |
| 3 | अनुभव<br>Experience | समान/समरूप परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव।<br>Experience in identical/similar projects |

## 04. अन्य आवश्यकताएँ
## OTHER REQUIREMENTS

| क्रं.सं. S.No | विवरण/ Particular | पद का नाम / Details of post |
|---|---|---|
| 1 | आयु सीमा<br>Age Limit | आवेदन की तिथि को आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>Not exceeding 52 years on the date of application |
| 2 | पदस्थापन का स्थान<br>Place of posting | आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु ।<br>तथापि, कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार एडब्ल्यूईआईएल /सरकारी कार्यालयों/विभागों/अन्य एजेंसियों की किसी भी इकाई में प्रतिनियुक्ति (Deputation) पर भेजा जा सकता है।<br>Ordnance Factory Tiruchirappalli, Tamil Nadu.<br>However, he may be deputed to any of the units of AWEIL/Government Offices/Departments/ other agencies based on the functional requirement |
| 3 | कार्य समय<br>Working hours | आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली के कार्यालय समय के अनुसार । कार्य की आवश्यकता होने पर अधिकारी/कर्मचारी को किसी भी अवकाश के दिन बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के कार्य करने हेतु बुलाया जा सकता है।<br>As per the office timing of OFT. If required, as per exigencies of work, he/she may be asked to attend duties on any holidays without any additional compensation. |
| 4 | अवकाश<br>Leave | प्रति वर्ष 12 दिन का अवकाश । प्रत्येक पूर्ण कैलेंडर माह की सेवा पर 1 दिन का अवकाश अर्जित होगा । अप्रयुक्त अवकाश (यदि कोई हो) सेवा अवधि बढ़ाए जाने की स्थिति में संचित किया जा सकेगा । सेवा समाप्ति/कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व अंतिम माह का अवकाश उस माह की 15 तारीख को जमा किया जाएगा । यदि सेवा अवधि नहीं बढ़ाई जाती है, तो अप्रयुक्त अवकाश स्वतः समाप्त हो जाएगा।<br>12 days per year. 1 day of leave will be credited for every calendar month of service. Any unutilized leave can be accumulated by the personnel in the extended period (if any). For the last month of the service prior to separation / completion of tenure, the leave days pertaining to the last month of service will be credited on the 15th day of that month. In case the period of engagement is not extended, the unutilized leave will exhaust. |
| 5 | आवास<br>Accommodation | यदि उपलब्ध हो तो आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली के आवास (क्वार्टर) उपलब्ध कराए जाएंगे तथा कंपनी के नियमों के अनुसार आवश्यक किराया/ कटौती की जाएगी। यदि क्वार्टर उपलब्ध नहीं होता है, तो चयनित अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता एवं उपलब्धता के आधार पर 15 दिनों के लिए भुगतान के आधार पर अतिथि गृह की सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि वे इस अवधि में अपने लिए उपयुक्त आवास की व्यवस्था कर सकें।<br>OFT quarters will be provided, if available, and necessary deduction will be made in accordance with the company rules. In case quarter is not available, selected candidates will be provided guest house based on the availability and eligibility on payment basis for 15 days to allow him/her to find suitable accommodation outside. |
| 7 | साक्षात्कार एवं चयन | (i) प्राप्त आवेदनों की जाँच के उपरांत पात्रता के आधार पर अभ्यर्थियों को |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रक्रिया<br>Process of interview and selection process | शॉर्टलिस्ट किया जाएगा ।<br>Candidates will be short-listed based on the eligibility after scrutiny of their applications.<br>(ii) केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत संवाद/साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।<br>A personal interaction/interview will be held for short-listed candidate only.<br>(iii) प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर चयन के मानदंड निर्धारित करने का अधिकार प्रबंधन के पास होगा।<br>Management shall decide on the selection criteria depending upon the number of applications received.<br>(iv) यदि दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान आवश्यक दस्तावेज़ों/प्रमाण-पत्रों की अनुपलब्धता अथवा आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के विज्ञापित मानदंडों को पूरा न करने के कारण किसी अभ्यर्थी का चयन निरस्त किया जाता है, तो मेरिट क्रम (अनुशासन/श्रेणी-वार) के अनुसार अगले अभ्यर्थी को दस्तावेज़ सत्यापन हेतु बुलाया जाएगा । दस्तावेज़ सत्यापन हेतु बुलाए जाने वाले अतिरिक्त अभ्यर्थियों की संख्या केवल निरस्त किए गए अभ्यर्थियों की संख्या तक ही सीमित रहेगी।<br>In case of rejection of candidates during the document verification process on account of non-availability of requisite documents/testimonials, not meeting the advertised criteria with respect to Age, Qualification, Experience etc., next candidate will be called for verification in the order of merit (Discipline/Category-wise). The number of next candidates called for document verification will be limited to the number of candidates rejected. |

## 05. आवेदन की अंतिम तिथि :
**LAST DATE OF APPLICATION:**

(i) रोजगार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदन करना होगा।
21 days from the publication of advertisement in Employment News.

(ii) विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों की अवधि समाप्त होने के 07 दिनों के भीतर बंद लिफाफे में आवेदन आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली को प्राप्त हो जाना चाहिए।
The application in a closed envelope should reach OFT within 07 days after the expiry of 21 days from the date of publication of the advertisement in Employment News.

## 06. आवेदन कैसे करें:-
**HOW TO APPLY:-**

a) इच्छुक अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करें। उक्त प्रारूप AWEIL की वेबसाइट (www.aweil.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट अथवा कूरियर सेवा के माध्यम से निम्नलिखित पते पर भेजे जाएँ:
Interested candidates shall submit their applications in hard copy, in the prescribed format attached hereto, which can also be downloaded from the AWEIL website

(www.aweil.in). The applications shall be sent by Speed Post or courier service to the following address:

सेवा में / To

मुख्य महाप्रबंधक / The Chief General Manager

आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली/ Ordnance Factory Tiruchirappalli

तिरुचिरापल्ली -620016/ Tiruchirappalli- 620 016

b) **'' लिफाफे पर आवेदन किए गए पद का नाम- ऑटोमेशन एवं एआई विशेषज्ञ, औद्योगिक अभियांत्रिकी, निरीक्षण स्वचालन अथवा उत्पाद विकास प्रबंधक – स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए । केवल आवेदन की हॉर्ड कॉपी ही स्वीकार्य होगी । केवल आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी ही स्वीकार की जाएगी ।**

**"APPLICATION FOR THE POST (AUTOMATION AND AI EXPERT, INDUSTRIAL ENGINEERING, INSPECTION AUTOMATION, PRODUCT DEVELOPMENT MANAGER (TECHNICAL))" be clearly mentioned/superscribed on the envelope. Only the hard copies of application is acceptable.**

c) अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर 4.4 सेमी × 5.8 सेमी आकार का एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ। इसी आकार का दूसरा नवीनतम फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें, उसे चिपकाएँ नहीं। दोनों फोटो के पीछे अभ्यर्थी अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, दिनांक तथा "स्वयं सत्यापित" (Self-Attested) लिखें। आवेदन पत्र के साथ आयु (जन्म प्रमाण पत्र/10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र), शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के समर्थन में संबंधित दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियाँ भी संलग्न की जानी चाहिए।

The applicant shall affix one recent passport-size photograph measuring 4.4 cm × 5.8 cm in the space provided in the application form. The second recent passport-size photograph of the same dimensions shall be attached to the application form without pasting it. The applicant shall write their full name, signature, the words "Self-Attested" and the date on the reverse side of both photographs. The application shall also be accompanied by self-attested copies of supporting documents/certificates relating to age (Birth Certificate/10th Class Certificate), educational qualifications, experience, etc.

d) आवेदन प्रारूप के अनुसार अपेक्षित दस्तावेज संलग्न न करने पर आवेदन अपूर्ण माना जाएगा तथा तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा ।

Non-attachment of required documents as per application format will be treated as incomplete application and will be rejected forthwith.

e) आवेदन-पत्र में सभी आवश्यक विवरण जैसे शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, प्राप्तांक का प्रतिशत, ई-मेल पता, मोबाइल नंबर, पत्राचार का पता, आधार कार्ड संख्या, पैन संख्या आदि भरना अनिवार्य है।

It is mandatory to fill all the relevant information such as qualification details, experience details, percentage of marks, e-mail address, contact mobile number, address for correspondence, Aadhaar card Number/ PAN number etc..

f) यदि अभ्यर्थी के नाम/उपनाम की वर्तनी आवेदन-पत्र/बायोडाटा तथा शैक्षणिक/व्यावसायिक प्रमाण-पत्रों में भिन्न पाई जाती है, तो उसका आवेदन निरस्त किया जा सकता है ।

In case of variation of Name/ surname, the spelling mentioned in the Application cum Bio-data with that of educational/professional qualification certificates, application will be liable to be rejected.

g) अभ्यर्थी अपना सक्रिय ई-मेल पता एवं मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज करें, जो कम-से-कम साक्षात्कार सम्पन्न होने तक वैध रहे, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं इसी ई-मेल एवं मोबाइल नंबर पर भेजी जाएंगी।

Applicant is requested to enter his/her active email address and mobile phone number which should be valid at least till the interviews are held, as all important communications will be sent to this email id and Mobile number.

h) सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थी अपना आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो साक्षात्कार के समय वर्तमान पद, वेतनमान तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

Candidates who are working in Public/ Government Sector should forward their applications through proper channel clearly indicating their present grade and present scale of pay separately or NOC should be submitted at the time of interview, in case selected, failing which their candidature will be rejected.

i) आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली प्रबंधन आवेदन-पत्र अथवा किसी पत्राचार के डाक-परिवहन के दौरान विलंब से प्राप्त होने या गुम हो जाने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

OFT management will not take any responsibility for any delay in receipt or loss in postal transit for any application or communication.

## 07. नियम एवं शर्तें :
**TERMS AND CONDITIONS:**

(i) अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
Candidate must be citizen of India.

(ii) आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली किसी भी आवेदन/अभ्यर्थिता को बिना कोई कारण बताए चयन के किसी भी चरण में अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है । इस संबंध में ओएफटी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।
OFT reserves the right to reject any application/candidature at any stage without assigning any reason and the decision of OFT shall be final.

(iii) नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा (Contract) के आधार पर होगी । आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर अथवा उसके स्थान पर एक माह का वेतन देकर अभ्यर्थी की सेवाएँ समाप्त कर सकता है। यदि अभ्यर्थी आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली की सेवा छोड़ना चाहता है, तो उसे आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली को तीन माह पूर्व नोटिस देना होगा अथवा उसके स्थान पर तीन माह के वेतन का भुगतान करना होगा।
The appointment shall be purely temporary and contract basis. The candidate’s services can be terminated by OFT by giving 1 month notice or with remittance of one month’s pay inlieu thereof. If candidate wishes to leave the services of OFT, he shall have to give three months’ notice to OFT or pay three months’ salary in lieu thereof.

(iv) चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में एक संविदात्मक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे।
The successful candidate will have to sign a contractual agreement in the prescribed format.

(v) यह संविदा कंपनी में सेवा विस्तार अथवा नियमितीकरण/समायोजन का कोई अधिकार या दावा प्रदान नहीं करेगी।

The contract shall not confer any rights or claim of extension/absorption in the company.

(vi) अंतिम चयन के उपरांत, यदि अभ्यर्थी किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक उपक्रम/निजी संस्था में कार्यरत है, तो उसे अपनी सेवा से त्यागपत्र स्वीकार किए जाने अथवा अपने अंतिम नियोक्ता द्वारा जारी कार्यमुक्ति का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा । ऐसे दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने की स्थिति में उसे आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली में कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

On final selection, such a candidate who has been working in Government/ PSU/Private entity, should produce the document conveying the acceptance of his resignation from service or his last employer. In the absence of such document, he shall not be allowed join OFT.

(vii) चयन प्रक्रिया, पात्रता की शर्तों, साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के चयन आदि के संबंध में आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा । इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

The decision of OFT about the mode of selection, eligibility conditions, shortlisting of candidates for interview etc shall be final and binding. No correspondence will be entertained in this regard.

(viii) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार अथवा कार्यभार ग्रहण करने के समय शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित मूल प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। यदि अभ्यर्थी की पहचान संदिग्ध पाई जाती है, अथवा वह आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, या दस्तावेज़ों में दी गई जानकारी में कोई विसंगति पाई जाती है, अथवा आवेदन में किए गए किसी भी दावे के संबंध में वह अयोग्य पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

The candidates called for interview shall be required to produce original documents relating to educational qualifications, experience, etc. for verification at the time of interview or joining. If the identity of the candidate is in doubt or he is not able to produce the requisite documents or there is a mismatch of information in the documents or he is found ineligible for the post applied for any other claim made in his application if found incorrect, he will not be allowed to appear in the interview and his candidature will be treated as cancelled.

(ix) अभ्यर्थियों को अपने हित में यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरते समय कोई भी झूठा, कूट-रचित , छेड़छाड़ किया हुआ दस्तावेज़ या गलत जानकारी प्रस्तुत न करें तथा किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को न छिपाएँ।

Candidates are advised in their own interest that they should not furnish any documents or information that are false, tampered, fabricated and they should not suppress any material information while filling up the application form.

(x) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा नियुक्ति के बाद, यदि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित कदाचार का दोषी पाया जाता है, तो—

At any stage of recruitment or later, if a candidate is or has been found guilty of any misconduct as:

(a) किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण करना अथवा किसी से अपना प्रतिरूपण कराना; या
Impersonating or procuring impersonation by any person; or

(b) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करना; या

Resorting to any irregular means in connection with his/her candidature during selection process; or

(c) अपनी अभ्यर्थिता के लिए किसी भी प्रकार का अनुचित प्रभाव डालना; या

Using undue influence of his/her candidature by any means; or

(d) झूठे प्रमाण-पत्र/दस्तावेज़/सूचना प्रस्तुत करना अथवा किसी भी स्तर पर जानकारी छिपाना; ऐसी स्थिति में, विधिक/आपराधिक कार्यवाही के अतिरिक्त, उसे स्थायी रूप से प्रतिबंधित भी किया जाएगा।

Submitting false certificates/documents/information or suppressing any information at any stage; or in addition to rendering himself/herself liable to legal/criminal prosecution, will also become liable to be Debarred permanently.

(e) यदि नियुक्ति के बाद ऐसा कदाचार संज्ञान में आता है, तो बिना किसी पूर्व सूचना के उसे सेवा से पदमुक्त/हटाया/बर्खास्त किया जा सकता है।

He can discharged/removed/dismissed from service without any notice, if the act of misconduct come to the notice after his/her appointment to service at OFT.

(xi) अभ्यर्थी की पात्रता, पात्रता की जांच के विभिन्न चरणों, प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ों, व्यक्तिगत साक्षात्कार, चयन तथा नियुक्ति से संबंधित अन्य सभी मामलों में आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा । आवेदन करते समय अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करे कि वह निर्धारित पात्रता एवं अन्य सभी मानदंडों को पूरा करता है तथा उसके द्वारा दी गई सभी जानकारियाँ पूर्णतः सही हैं। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है अथवा उसने किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त मानी जाएगी। यदि उपर्युक्त में से कोई भी कमी/दोष भर्ती के बाद भी पाई जाती है, तो अभ्यर्थी की सेवाएँ बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

Decision of OFT in all matters regarding eligibility of the applicant, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, documents to be produced, personal interview, selection of any other matter relating to engagement will be final and binding on the applicant. While applying for the post, the applicant should ensure that he/she fulfills the eligibility and other criteria mentioned and that the particulars furnished are correct in all respect. In case it is detected at any stage of recruitment that applicant does not fulfill the eligibility norms and/or has suppressed any material fact(s), his/her candidature will automatically stand cancelled. If any of the said shortcoming(s) is/are detected even after recruitment, he/she is liable to be terminated without any notice.

(xii) निर्धारित प्रारूप में न होने वाले, अपूर्ण, निर्धारित सत्यापित प्रमाण-पत्रों के बिना प्रस्तुत किए गए, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त हुए अथवा वर्तमान नियोक्ता के माध्यम से अग्रेषित न किए गए आवेदन-पत्र बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

Applications not in the prescribed format or incomplete and not accompanied by the prescribed attested certificates or received after the prescribed date and time or not routed through the present employer shall be summarily rejected.

(xiii) आवश्यकता अनुसार नए संविदा कर्मचारियों पर नए श्रम संहिता के प्रावधान लागू होंगे ।

New labour codes will be applicable to newly engaged contract employees, as deemed fit.

(xiv) नियुक्त संविदा कर्मी कंपनी के नियमों तथा गोपनीयता संबंधी आवश्यकताओं के अधीन होंगे।

The engaged personnel shall be governed by the rules and confidentiality requirements of the company.

(xv) वे कंपनी/कारखाने के विभिन्न नियमों एवं विनियमों का पालन करेंगे, जो उन्हें सौंपे गए कार्यों के निष्पादन तथा उनके आचरण को नियंत्रित करते हैं।

They will abide by various company/factory rules and regulations governing carrying out the assigned tasks and their conduct.

(xvi) उन पर लागू नियमों के अनुसार आयकर, सेवा कर, व्यावसायिक कर आदि लागू होंगे तथा ऐसे सभी करों का भुगतान स्वयं उन्हें करना होगा ।

They will be covered under the income tax, service tax, professional tax, etc.. as per the applicable rules and all such taxes would be payable by them at their hands.

(xvii) विज्ञापन में उल्लिखित लाभों के अतिरिक्त वे किसी अन्य भत्ते अथवा सुविधा के पात्र नहीं होंगे।

They are not entitled for any allowance or benefits other than those indicated in the advertisement.

(xviii) नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी। स्वीकृत अवकाश अथवा कंपनी की घोषित छुट्टियों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति की स्थिति में समेकित पारिश्रमिक में आनुपातिक कटौती की जाएगी।

The engagement will be on full time basis. Absence from duty other than authorized leave/ company holiday will result in proportionate reduction in the consolidated emoluments.

(xix) नियुक्ति प्रस्ताव के एक भाग के रूप में उन्हें गोपनीयता अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे।

They have sign Non-Disclosure Agreement (NDA) as a part of their offer of engagement.

(xx) निश्चित अवधि के लिए नियुक्त व्यक्ति के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा । जिन व्यक्तियों का कार्य-निष्पादन स्तर कमज़ोर अथवा उससे नीचे पाया जाएगा, उन्हें अपने कार्य-निष्पादन में सुधार हेतु लिखित रूप से एक माह का समय दिया जाएगा । एक माह पश्चात पुनः मूल्यांकन किया जाएगा और यदि उनका कार्य-निष्पादन पुनः कमज़ोर अथवा उससे नीचे पाया जाता है, तो आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली द्वारा उनकी सेवाएँ समाप्त कर दी जाएँगी।

The performance of the selected individual on fixed term employment will be evaluated. Individuals having performance rating poor or below will be given one months’ time in writing to improve their performance. After one month, again performance will be evaluated and if again the performance rating found poor or below, the services of the individual will be terminated by OFT.

(xxi) ऐसे कर्मी आयुध निर्माणी के अस्पतालों एवं औषधालयों अथवा अन्य किसी स्थान पर किसी अन्य चिकित्सा सुविधा के पात्र नहीं होंगे। तथापि, आपातकालीन स्थिति में आयुध निर्माणी के अस्पतालों/औषधालयों की उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लिया जा सकेगा।

These personnel will not be entitled for any other medical benefits in any of the Ordnance Factory Hospitals & dispensaries or elsewhere. In case of an emergency, facilities in Ordnance Factory hospitals/dispensaries can be availed.

(xxii) इस विज्ञापन के हिंदी एवं अंग्रेज़ी संस्करणों में किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा तथा उसे अंतिम माना जाएगा।

In case of any discrepancy in the Hindi and English versions of this advertisement, the English version shall prevail and be treated as Final.

अनुबंध के आधार पर ____________________________ पद हेतु आवेदन प्रपत्र

(संविदा के आधार पर)

APPLICATION FORM FOR THE POST OF ____________________________

(ON CONTRACTUAL BASIS)

| व्यक्तिगत विवरण<br>**PERSONAL DETAILS** | | |
|---|---|---|
| नाम (पूर्ण एवं बड़े अक्षरों में)<br>NAME(in full and BLOCK LETTERS) | | हाल ही का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ तथा फोटो पर आंशिक रूप से हस्ताक्षर करें।<br>Please paste a recent colour passport size photograph & sign across the photo |
| पिता का नाम<br>Father's Name | | |
| माता का नाम<br>Mother's Name | | |
| राष्ट्रीयता<br>Nationality | | |
| लिंग<br>Gender | | |
| जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण-पत्र संलग्न करें)<br>Date of Birth<br>(attached High School Certificate) | | |
| आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु<br>Age as on<br>(Last date for receipt of Application) | | |
| ज्ञात भाषाएँ (पढ़ना, लिखना, बोलना)<br>Languages Known<br>(Read, write, Speak) | | |
| क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं? (यदि हाँ, तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें।)<br>Whether belongs to SC/ST/OBC<br>(if yes attached certificate) | | |
| क्या आप आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं? (हाँ/नहीं) (यदि हाँ, तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें।) / Whether belongs to EWS (Yes/No)<br>(if yes attached certificate) | | |

| | |
|---|---|
| क्या आप दिव्यांग हैं? (हाँ/नहीं) (यदि हाँ, तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें।)<br>Physically Handicapped (Yes/No)<br>(if yes attached certificate) | |
| आधार संख्या<br>AADHAR No. | |
| पैन संख्या<br>PAN No. | |
| पत्राचार का पता<br>Address for communication | |
| पिन कोड<br>Pincode | |
| जिला<br>District | |
| राज्य<br>State | |
| मोबाइल नंबर<br>Mobile no | |
| ई-मेल आईडी<br>E-mail id | |

शैक्षणिक योग्यता
Educational Qualification

| पाठ्यक्रम परीक्षा<br>Course | पाठ्यक्रम का नाम एवं उत्तीर्ण वर्ष / Name of Course and Passing Year | विषय<br>Subject | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम / Name of the University/Institute | प्राप्तांक (%) एवं श्रेणी<br>% of Marks and Division |
|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल / 10वीं<br>High School/10th | | | | |
| इंटरमीडिएट / 12वीं<br>Intermediate/12th | | | | |
| स्नातक<br>Graduation | | | | |
| स्नातकोत्तर<br>Post-Graduation | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अन्य कोई योग्यता<br>Any other Qualification | | | | |

| अनुभव का विवरण (स्व-सत्यापित दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें)<br>Details of Experience possessed (Attach Self attested documentary Proof) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं.<br>Sl.No | संस्था का नाम<br>Name of the Organization | केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम (PSU)/सरकारी स्वायत्त निकाय/केंद्र/राज्य सरकार का विभाग/निजी<br>Central/State Government, PSUs, Government Autonomous Bodies/Central /State Government Department/ Private | कार्यरत पद (पदनाम/वेतनमान)<br>Worked as (Designation/Pay Scale) | किए गए कार्य का स्वरूप<br>Nature of work attended | अवधि Period | | कुल अवधि<br>Total Period |
| | | | | | से<br>From | तक<br>To | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| कुल अनुभव अवधि (वर्ष–माह–दिन)<br>Total duration of experience (YY-MM-DD) | | | | | | | |
| कंप्यूटर/आईटी कौशल का विवरण<br>Details of Computer/IT Skills | | | | | | | |

टिप्पणी:

Note:

1. आवेदन प्रपत्र के प्रथम पृष्ठ पर चिपकाए गए फोटो पर आंशिक रूप से हस्ताक्षर करें ।
   Please sign across the photo pasted on the first page of Application Form.

2. आवेदन प्रपत्र के प्रथम पृष्ठ पर चिपकाए गए फोटो पर आंशिक रूप से हस्ताक्षर करें।
   The Candidate is required to fill up all the columns and wherever no Information is to be furnished, N/A Should be mentioned. Incomplete and improperly filled in Application are liable to be rejected. No further correspondence will be entertained in this respect.

3. अधिसूचना में निर्दिष्ट सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रतियाँ आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए।
   Self-attested photocopies of all the documents specified in the notification should be attached with the application.

4. यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी पृथक शीट पर संलग्न की जा सकती है।
   If space becomes a constraints, the information may be attached in a separate sheet as per the prescribed format.

5. साक्षात्कार (यदि भौतिक माध्यम से आयोजित हो) के समय अभ्यर्थी को उपर्युक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ तथा उनकी दो स्व-सत्यापित छायाप्रतियाँ साथ लानी होंगी ।
   The candidates would be required to present themselves along with the above mentioned documents in original plus two copies (self-attested) at the time of the interview (if physical mode)

## घोषणा

मैं, ......................................................................, एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई समस्त जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या गलत पाई जाती है, तो जिस पद के लिए मैंने आवेदन किया है, उसके लिए मेरी अभ्यर्थिता चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में निरस्त की जा सकती है । मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे विरुद्ध भ्रष्टाचार, अवैध पारितोषिक अथवा किसी आपराधिक मामले में न तो कोई आरोप लंबित है और न ही मुझे किसी ऐसे मामले में दोषसिद्ध किया गया है। साथ ही, मुझे मेरे पूर्व संगठन/संगठनों की सेवा से न तो पदच्युत न सेवा से हटाया गया है और न ही अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया है ।

आवेदक के हस्ताक्षर ____________________

स्थान : ____________________

दिनांक : ____________________

## DECLARATION

I,..................................................................................,do hereby declare that the above information as furnished by me is true to the best of my knowledge and belief. If any of the information as furnished above is found to be incorrect, my candidature for the post applied is liable to be cancelled at any stage of the selection process. I also certify that I am not facing any charge nor have been convicted in any corruption/illegal gratification/criminal case and also I have not been dismissed or removed or compulsorily retired from the services of my previous Organization (s)

Signature of the applicant

Place:
Date: